शासकीय लरंगसाय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, रामानुजगंज
जिला– बलरामपुर–रामानुजगंज (छत्तीसगढ़)– 497220

आन्तरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ (IQAC)

द्वितीय बैठक

दिनाँक 19.7.2018 ,दिन गुरूवार

आज दिनाँक 19–07–2018 को महाविद्यालय की आन्तरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ (IQAC) की द्वितीय बैठक अपराह 3.00 बजे प्राचार्य कक्ष में प्राचार्य की अध्यक्षता में आयोजित हुई। इस द्वितीय IQAC की बैठक की कार्यवाही विवरण निम्नानुसार है।

1 सर्वप्रथम प्राचार्य डॉ. आर.एस. अग्रवाल जी ने आन्तरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ के सभी उपस्थित सदस्यों का स्वागत करते हुए नये शैक्षणिक सत्र 2018–19 के लिए शुभकामनाएं दी साथ ही IQAC संयोजक डॉ. आर. बी. सोनवानी ने दिनाँक 16–7–2018 को प्रसारित बैठक एजेन्डा की बिन्दुवार जानकारी दी ।

2 समिति ने सर्वप्रथम पूर्व की बैठक दिनाँक 17–03–2018 में प्रस्तावित कार्यो की समीक्षा की ओर इनके सम्बन्ध में की गई कार्यवाही की जानकारी ली । इसके साथ ही जो कार्य अधूरे रहे उन्हे शीघ्र पूर्ण करने का संकल्प लिया गया।

3 उच्च शिक्षा विभाग, छत्तीसगढ़ द्वारा जारी अकादमिक कैलेण्डर एवं IQAC की और से जारी आन्तरिक अकादमिक कैलेण्डर के अनुसार समस्त शैक्षणिक ,साहित्यिक ,सांस्कृतिक ,बौद्धिक ,मूल्यांकन एवं खेलकूद गतिविधियां आयोजित करने का निर्णय लिया गया।

4 शैक्षणिक गतिविधियों के रिकार्ड के लिए शिक्षण दैनन्दिनी (टीचिंग डायरी) उपस्थिति पंजी के संधारण पर बल दिया गया साथ ही टीचिंग प्लान बनाने का निर्णय लिया गया।

5 महाविद्यालय की बेवसाइट को अपग्रेड करने का निर्णय लिया गया जिससे वेबसाइट अधिक आकर्षक, उपयोगी और छात्र–छात्राओं के लिए लाभकारी सिद्ध हो साथ ही इसके माध्यम से महाविद्यालय में आयोजित होने वाले कार्यक्रमों को डिजिटल तकनीक द्वारा देखा जा सके जिससे महाविद्यालय के शिक्षक व छात्र–छात्राओं को बेहतर एक्सपोजर मिल सके जो कि उनके कैरियर के लिए लाभकारी व उपयोगी सिद्ध होगा।

6 महाविद्यालय में छात्राओं के लिए पृथक से गर्ल्स कॉमन रूम विकसित किया जाये। जो कि छात्राओं की आवश्यकताओं को दृष्टिगत रखते हुये विकसित होना चाहिए।

7 सामाजिक दायित्वों के अनुरूप मतदाताओं को मतदान करने के प्रति जागरूक करने के लिए स्वीप गतिविधियां आयोजित करने का निर्णय लिया गया।

8 महाविद्यालय में नवीन संचालित बी.सी.ए. पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु छात्रों को प्रेरित करने का निर्णय लिया गया।

9 महाविद्यालय को ग्रीन कैम्पस के रूप में विकसित करने का निर्णय लिया गया।

10 महाविद्यालय के छात्र–छात्राओं के लिए मैसेज भेजने हेतु **Bulk Massage Portal** बनाने का निर्णय लिया गया।

11 महाविद्यालय के छात्र–छात्राओं की आवश्यता के लिए महाविद्यालय का ऑनलाइन पोर्टल विकसित करने का निर्णय लिया गया।

बैठक के अन्त में **IQAC** कोर्डिनेटर डॉ. आर. बी. सोनवानी ने सभी उपस्थित सदस्यों को धन्यवाद ज्ञापित किया। इस बैठक में महाविद्यालय के समग्र विकास के लिए सभी सदस्यों ने दृढ़ निश्चय प्रकट किया और पूर्ण जवाबदेही के साथ कार्य करने का बात कहीं। प्राचार्य की अनुमति से बैठक को समाप्त घोषित किया गया।

आज द्वितीय बैठक दिनांक 19.07.2018 की इस बैठक में निम्नालिखित सदस्य उपस्थित रहे।

1. श्री अगस्टिन कुजूर, सहायक प्राध्यापक (अंग्रेजी)
2. शनि कुमार धारी, सहायक प्राध्यापक (समाजशास्त्र)
3. श्री रमेश कुमार खैरवार, सहायक प्राध्यापक (हिन्दी)
4. श्री रामजीत राम, कार्यालयीन सदस्य।

IQAC
संयोजक

प्राचार्य
शा0 लरंगसाय स्नातकोत्तर
महाविद्यालय रामानुजगंज
जिला-बलरामपुर रामानुजगंज (छ.ग.)

शासकीय लरंगसाय स्नातकोत्तर महाविद्यालय
रामानुजगंज, जिला बलरामपुर रामानुजगंज (छ0ग0)

Govt Larang Sai P.G. College Ramanujganj (C.G.)
AISHE
C-9753